9 निजी व्यक्तियों/कम्पनियों के निवास स्थानों/कार्यालय परिसरों की तलाशी ली थी ।

(ख) इन मामलों में ग्रस्त समूह "क" और समूह "ख" के अधिकारियों के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :

राष्ट्रीयकृत बैंकों के अधिकारी	17
उपक्रमों के अधिकारी	6
	4
अधिकारी, आयकर	2
अधिकारी, सीमा-शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क	2
केन्द्रीय सरकार के अन्य विभागों के अधिकारी	2
अधिकारी, नगर निगम	1

इन अधिकारियों के नाम प्रकट करना जनहित में नहीं होगा ।

(ग) कोई गिरफ्तारियां नहीं की गई हैं ।

श्री धर्म सिंह रावत द्वारा कतिपय अधिकारियों के विरुद्ध लगाये गये आरोप

2670. **श्री सोहन लाल घूसिया :**

श्री घनश्याम सिंह :

श्री शिव कुमार मिश्र :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लखनऊ (उ०प्र०) के एक आई०ए०एस० अधिकारी श्री धर्म सिंह रावत ने ग्राल इंडिया सेर्विसेज के कतिपय भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए 1986 में लखनऊ और दिल्ली में भूख-हड़ताल की थी;

(ख) क्या सरकार को उन अधिकारियों के नामों की जानकारी है जिनके विरुद्ध श्री रावत ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाये हैं तथा वे इस समय कौन-कौन से पदों पर तथा किन-किन स्थानों पर तैनात हैं; और

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में पूरा ब्यौरा प्राप्त हो गया है और यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) श्री डी०एस० रावत आई०ए०एस० (उत्तर प्रदेश) ने अपना स्थानान्तरण एक पद से दूसरे पद पर किए जाने के विरोध में 1986 में दिल्ली और लखनऊ में भूख हड़ताल की थी ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) उत्तर प्रदेश सरकार ने कदाचार के लिए अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी है ।

Tie-up of apple leasing and industries limited with national computing centre of U.K.

2671. SHRI BHAGATRAM MANHAR: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to recent advertising by Apple Leasing and Industries Ltd. claiming its tie-up with National Computing Centre of U.K.;

(b) if so, whether Government have approved the tie-up, if so, what are the terms, thereof;

(c) whether it is a fact that total amount expenditure of NCC of U.K. is about Rs. 15 crores whereas advertisements released by Apple Leasing and Industries Ltd. claimed that NCC was spending Rs. 360 crores annually on Research and Development above; and

(d) if so, what action is contemplated by Government in this regard?